राजस्थान सरकार
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम

(मिनी स्वास्थ्य भवन, सेठी कॉलोनी, जयपुर)

क्रमांकः संस्थापन / कोविड / 2021 / 1453 दिनांकः 21 / 05 / 2021

विज्ञप्ति

श्रीमान प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राज0 जयपुर के पत्रांक प.1(1)चिस्वा / ग्रुप–2 / 2020 जयपुर दिनांक 18.05.2021 के द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा कोरोना वायरस (कोविड–19) संक्रमण को पेन्डेमिक घोषित करने पर तथा इस संदर्भ में उत्पन्न स्थिति से निपटने के परिप्रेक्ष्य में **"कोविड हैल्थ कन्सलटेन्ट"** एवं **"कोविड स्वास्थ्य सहायक"** को ***31 जुलाई 2021 तक*** (नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा जिस तरह से प्रत्येक जिला स्तर पर स्वयंसेवकों को चयन / मनोनयन किया जाता है) उसी आधार पर कोविड हैल्थ कन्सलटेन्ट एवं कोविड स्वास्थ्य सहायकों कि चयन / नियोजन किया जाना है।

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	योग्यता	फिक्स मानदेय / तिमाह	विशेष विवरण	आयु
1	**कोविड हैल्थ कन्सलटेन्ट**	95 (जयपुर प्रथम 55 जयपुर द्वितीय 40)	एमबीबीएस एवं आरएमसी से पंजीकृत	39300 / –	प्राथमिकता– पीजी / एमडी–मेडिसिन एवं एमडी–एनेस्थिसिया वाले अभ्यार्थीयों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी शेष हेतु एमबीबीएस में प्राप्तांक के आधार पर मेरिट अनुसार	आवेदन की अन्तिम तिथी को 45 वर्ष
2	**कोविड स्वास्थ्य सहायक**	कुल 2110 (जयपुर प्रथम 1208 जयपुर द्वितीय 902)	जीएनएम / बीएससी नर्सिंग एवं आरएनसी से पंजीकृत	7900 / –	प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर 01 पद, प्रत्येक प्रा.स्वा.के पर 02 पद, प्रत्येक सा.स्वा.के. पर 03 पद, शहरी क्षेत्र हेतु प्रति वार्ड 02 पदों का कोविड स्वास्थ्य सहायकों का चयन किया जाना है।	आवेदन की अन्तिम तिथी को 45 वर्ष

नोटः निर्धारित योग्यताधारी आवेदन कर्ता को अपना आन लाईन आवेदन पत्र स्वयं हस्ताक्षरित, पासपोर्ट साईज फोटो एवं निर्धारित योग्यता के प्रमाण पत्रों की सभी वर्षो की प्रमाणित छाया प्रति व मूल निवास प्रमाण पत्र (महिला अभ्यार्थी के सन्दर्भ पिता के नाम से जारी) एवं मूल प्रमाण पत्र सत्यापन के समय साथ लाना अनिवार्य होगा।

1. उक्त मानदेय के अलावा किसी भी प्रकार का कोई भत्ता देय नहीं होगा।
2. उपरोक्त पदों के आवेदन निर्धारित वेबसाईट **www.jaipur.rajasthan.gov.in** पर दिये गये लिंक पर क्लिक कर आवेदन प्रस्तुत करने होंगे। आफलाईन आवेदन पत्र किसी भी स्थिति में स्वीकार योग्य नहीं होगा।
3. **कोविड हैल्थ कन्सलटेन्ट** के नियोजन में पीजी / एमडी–मेडिसिन एवं एमडी–एनेस्थिसिया वाले अभ्यार्थीयों का सर्वप्रथम नियोजन किया जायेगा एवं शेष हेतु प्रथमतः स्थानीय आशार्थियों में से एमबीबीएस में प्राप्तांक के आधार पर मेरिट अनुसार सूची बनायी जायेगी।
4. **कोविड स्वास्थ्य सहायक** का नियोजन में स्थानीय अभ्यार्थीयों को प्राथमिकता के आधार पर शैक्षणिक योग्यता का प्रतिशत एवं तकनीकी योग्यता का प्रतिशत के आधार पर मेरिट बनाकर चयन किया जायेगा। स्थानीय अभ्यार्थी नहीं मिलने पर अन्य जिलो के आशार्थीयो का चयन किया जायेगा।
5. आन लाईन आवेदन पत्र दिनांक 28.05.201 को रात्रि 12.00 बजे तक स्वीकार किये जायेगे। निर्धारित तिथि पश्चात् किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
6. दस्तावेज सत्यापन के समय अपूर्ण दस्तावेज(मूल / छाया प्रतियॉ) प्रस्तुत करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा। दस्तावेज सत्यापन समय दस्तावेजो की कमी के लिये किसी भी प्रकार का शपथ पत्र मान्य नही होगा ।

चयन प्रक्रिया हेतु सभी मेरिट में आये अभ्यार्थीयों को ई मेल एवं मोबाईल पर मैसेज प्राप्त होने पर निधारित दिनांक व स्थान पर दस्तावेज सत्यापन हेतु आना होगा, अलग से बुलावा पत्र नही भिजवाया जावेगा। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक पदो में आवयकता अनुसार वृद्धि / कमी का अधिकार चयन कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा। इससे सम्बंधित समस्त न्यायिक दावो का न्यायायिक क्षैत्र जयपुर होगा ।

भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी www.jaipur.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

(डॉ नरोत्तम शर्मा)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जयपुर–प्रथम

Scanned with CamScanner